फर्जी किरायानामा बनाकर अस्पताल खोलने का झांसा देने का आरोप

महिलाओं ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 7 जून। शहर में अस्पताल भवन के नाम पर कथित रूप से लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दो महिलाओं ने एक व्यक्ति पर फर्जी किरायानामा तैयार कर उन्हें झांसे में लेने और आर्थिक नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

फरियादी स्मिता शर्मा और पूजा दुबे के अनुसार, आरोपी राजेश कुमार सोनी ने 13 मई 2026 को स्वयं को एक भवन का वैध मालिक बताते हुए अस्पताल संचालन के लिए किरायानामा किया। महिलाओं का आरोप है कि आरोपी के दावों पर भरोसा कर उन्होंने अस्पताल शुरू करने की तैयारी में लाखों रुपए खर्च कर दिए। अस्पताल के लिए महंगी मशीनें, चिकित्सा उपकरण और फर्नीचर तक बुक करा दिए गए।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि जिस भवन को किराए पर दिया गया, वह राजेश कुमार सोनी के स्वामित्व में ही नहीं है। शिकायत के अनुसार भवन किसी अन्य व्यक्ति, यहां तक कि आरोपी की पत्नी के नाम पर दर्ज है और आरोपी को उसे किराए पर देने का कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं था। महिलाओं का कहना है कि जब उन्होंने अनुबंध के अनुसार भवन का कब्जा और अस्पताल संचालन सुनिश्चित करने

की बात कही तो आरोपी ने कथित रूप से किरायानामे की शर्तों का पालन करने से इंकार कर दिया। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक और व्यावसायिक क्षति भी उठानी पड़ी।

फरियादी स्मिता शर्मा ने कहा कि यदि भवन आरोपी के नाम पर था ही नहीं, तो खुद को मालिक बताकर किरायानामा करना सीधे तौर पर धोखाधड़ी है। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है, जिन्होंने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मामले में अब प्रमुख सवाल यह है कि यदि भवन वास्तव में आरोपी के नाम पर नहीं था, तो किरायानामा किस अधिकार से किया गया। क्या यह सुनियोजित धोखाधड़ी का मामला है या दस्तावेजी अनियमितता का इसका अंतिम निष्कर्ष पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगा।

ट्रेन में नाबालिग से मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

परासिया. आमला-परासिया पैसेंजर ट्रेन में एक नाबालिग यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब ट्रेन में यात्रा के दौरान बैग टकराने को लेकर दो यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई. चांदामेटा निवासी रुपेश वर्मा आमला से परासिया तक ट्रेन क्रमांक 61125 में यात्रा कर रहा था. इसी ट्रेन में जुन्नारदेव से परासिया तक यात्रा कर रहे 16 वर्षीय मोहम्मद अयान रजा का बैग रुपेश वर्मा से टकरा गया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई. बताया गया कि शाम करीब 5:23 बजे ट्रेन के परासिया स्टेशन पहुंचने पर रुपेश वर्मा को लेने आए उसके मित्र शिवम मसराम और अजय कुमार धुर्वे भी मौके पर पहुंच गए. आरोप है कि तीनों ने मिलकर मोहम्मद अयान के साथ ट्रेन के भीतर मारपीट की तथा उसे प्लेटफॉर्म पर उतारकर भी पीटा. घटना के दौरान ट्रेन में तैनात टीटीई नितिन जावलकर ने हस्तक्षेप कर बीच-बचाव किया.

डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत, ग्रामीणों ने डम्पर में आग लगाई

नवभारत न्यूज

दबोह, 7 जून। दबोह थाना क्षेत्र के कोंच रोड पर अमाहा गांव के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने डंपर में आग लगा दी, करीब चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कैलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सलैया गांव निवासी हिम्मत रजक पुत्र पप्पू रजक के रूप में हुई है। वहीं घायल दिनेश रजक (40) को उपचार के लिए लहार सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भागने का प्रयास कर रहा था जिसे आसपास मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। घटना से नाराज लोगों ने चालक के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को अपने कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने डंपर को आग के हवाले कर दिया। आग लगने से वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। बताया गया है कि बाइक सवार नशे की हालत में थे और तलाशी के दौरान मृतक की

जेब से शराब के पाउच भी बरामद हुए हैं। मृतक की पिछले वर्ष ही शादी हुई थी उसकी एक बच्ची भी है।

सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए दबोह, आलमपुर, असवार और रावतपुरा थाना क्षेत्रों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद करीब चार घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। दबोह थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने बताया कि डंपर क्र. एमपी 07 एचबी 4805 के चालक सोनू रायकवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक दबोह स्थित आवास गृहक्षेत्र का निवासी बताया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गार्डन और रहवासी भवनों में संचालित स्कूलों पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 7 जून। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर तथा उससे सटे ग्वालियर सीमा क्षेत्र में कुछ निजी विद्यालयों के गार्डन और आवासीय भवनों में संचालित होने को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर आपत्तियां जताई हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ऐसे विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार कुछ विद्यालय ऐसे भवनों में संचालित किए जा रहे हैं, जहां न तो पर्याप्त खेल मैदान उपलब्ध है और न ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दिखाई देती हैं। आरोप है कि सीमित स्थान वाले कमरों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैठाकर शिक्षण कार्य कराया जा रहा है, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की आगजनी अथवा अन्य आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसके साथ ही स्कूल समय में वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि जिन परिसरों में विद्यालय संचालित हो रहे हैं, वहां शादी-विवाह और

मालनपुर-ग्वालियर सीमा क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप, जांच की मांग तेज

अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। ऐसे अवसरों पर पार्किंग, शोर-शराबे और आवागमन से जुड़ी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

नागरिकों का कहना है कि विद्यालय संचालन के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मालनपुर-ग्वालियर सीमा क्षेत्र में संचालित विद्यालयों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे आवश्यक मान्यताओं, भवन सुरक्षा नियमों तथा अन्य निर्धारित मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। क्षेत्र के लोगों की नजर अब प्रशासनिक कार्रवाई और जांच के संभावित परिणामों पर टिकी है।

कलेक्टर से शिकायतों के बाद पटवारी निलंबित

सीधी. कलेक्टर विकास मिश्रा के राजस्व निरीक्षक मंडल खड्डी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर खड्डी खुर्द एवं खड्डी कला हल्के के पटवारी बृजेश कुमार प्रजापति को निलंबित कर दिया गया है. क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब तथा कार्य के लिए अवैध राशि की मांग किए जाने संबंधी शिकायतें की थीं. कलेक्टर के निर्देश पर कराई गई जांच में कई राजस्व प्रकरण लंबे समय से लंबित पाए गए. सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में शिथिलता तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की भी पुष्टि हुई. नायब तहसीलदार हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के परीक्षण के उपरांत शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पाए जाने पर उपखंड अधिकारी (राजस्व) रामपुर नैकिन विकास आनंद ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत पटवारी बृजेश कुमार प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन निर्धारित किया गया है.

फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने के मामले में फरार आरोपी दबोचा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 7 जून। पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इनामी अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत देहात थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 15 वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी देहात निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को भारद्वाज मार्केट, मेहगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2000 को राजेन्द्र कॉन्वेंट स्कूल, ग्वालियर रोड भिंड में नौ आरोपियों द्वारा दूसरे परीक्षार्थियों के स्थान पर बैठकर फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने का मामला सामने आया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी

पिछले कई वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पहचान छिपाकर रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। मुखबिर तंत्र की सक्रियता एवं लगातार निगरानी के चलते पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, प्रधान आरक्षक गुरुदास सोही तथा आरक्षक कमल तोमर, भूपेन्द्र तोमर, अजीत सिकरवार, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, सुमित शर्मा, अवधेश चौहान, फिरोज खान, अतुल पाण्डेय, राहुल यादव एवं साइबर सेलभिंडकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सहायता के लिए डायल-112 का उपयोग करें तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नं. 1930 पर संपर्क करें।

ओंकारेश्वर में अतिक्रमण हटाने के नोटिस पर सियासत तेज

कांग्रेस ने पुनर्वास के बिना कार्रवाई का किया विरोध

ओंकारेश्वर/खंडवा. सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत ओंकारेश्वर में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विरोध शुरू हो गया है.

नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में निवासरत कुछ परिवारों को 24 घंटे के भीतर शासकीय भूमि खाली करने का नोटिस जारी किए जाने के बाद कांग्रेस ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग उठाई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद ओंकारेश्वर के राजस्व विभाग ने 5 जून को वार्ड क्रमांक 15, डैम रोड एवं नहर क्षेत्र के कुछ निवासियों को नोटिस जारी कर बताया है कि आगामी सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना है. नोटिस में 24 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि बरसात के पूर्व गरीब परिवारों को अल्प समय का नोटिस देकर बेदखल करना उचित नहीं है.

मैपल्स प्लास्टिक इंडस्ट्री बनी स्थानीय उद्योगों की नई पहचान

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 7 जून। जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित मैपल्स प्लास्टिक इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड स्थानीय स्तर पर पानी के पाइप मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित कर औद्योगिक विकास को नई दिशा दे रही है। जितेन्द्र बांगड़ द्वारा स्थापित यह इकाई एक वर्ष पूर्व एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के अंतर्गत शुरू की गई थी और वर्तमान में अमृत 2.0 तथा हर घर नल-हर घर जल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए एसडीपी पाइप का उत्पादन कर रही है।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पाइप निर्माण इकाई के अभाव के कारण पहले संबंधित सामग्री बाहर से मंगानी पड़ती थी, जिससे लागत और समय दोनों बढ़ जाते थे। इस

समस्या के समाधान के लिए जितेन्द्र बांगड़ ने मध्यप्रदेश शासन, एमपीआईडीसी एवं जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के सहयोग से मालनपुर में इस उद्योग की स्थापना की। वर्तमान में प्लांट तीन शिफ्टों में संचालित हो रहा है और यहां 22 कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। संस्थान में स्थापित दो आधुनिक मशीनों की कुल मासिक उत्पादन क्षमता लगभग 500 टन है। फिलहाल प्लांट अपनी क्षमता के 55 से 60 प्रतिशत स्तर पर कार्य कर रहा है। उद्योग संचालक जितेन्द्र बांगड़ ने बताया कि शासन की योजना के अंतर्गत समय पर प्राप्त सब्सिडी ने उद्योग स्थापना की प्रारंभिक चुनौतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

260 किलो डोडाचूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

पिकअप की तलाशी लेने पर 13 प्लास्टिक कट्टों से बरामद हुआ

मंदसौर. नशा मुक्ति अभियान के तहत मंदसौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. थाना नाहरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 260 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है.

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल एवं एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. मुखबिर की सूचना पर डिगांव-बसई रोड स्थित बोलिया फंटे पर नाकाबंदी की गई. इस दौरान राजस्थान नंबर की एक पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर उसमें रखे 13 प्लास्टिक कट्टों से 260 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ.

> पुलिस ने आरोपी कुशाल सिंह (42) निवासी गुराड़ी का खेड़ा, थाना भवानीमंडी, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया है. जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 5.20 लाख रुपये तथा पिकअप वाहन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई गई है. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. कार्रवाई में थाना नाहरगढ़ पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही.

ट्रेन में नाबालिग से मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

परासिया. आमला-परासिया पैसेंजर ट्रेन में एक नाबालिग यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब ट्रेन में यात्रा के दौरान बैग टकराने को लेकर दो यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई. चांदामेटा निवासी रुपेश वर्मा आमला से परासिया तक ट्रेन क्रमांक 61125 में यात्रा कर रहा था. इसी ट्रेन में जुन्नारदेव से परासिया तक यात्रा कर रहे 16 वर्षीय मोहम्मद अयान रजा का बैग रुपेश वर्मा से टकरा गया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई.

पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण, चालानी कार्रवाई पर हुआ मंथन

भिण्ड, 7 जून। पुलिस मुख्यालय भोपाल की नारकोटिक्स शाखा के तत्वावधान में तथा पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट-1985 के अपराधों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम भिंड में किया गया। प्रशिक्षण में एएसआई स्तर से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में अटेर एसडीओपी रविन्द्र वास्कले की उपस्थिति में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं परिवहन से संबंधित मामलों की विवेचना को अधिक प्रभावी, विधिसम्मत एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एनडीपीएस

एक्ट की धारा 52-ए के प्रावधानों, कार्रवाई स्थल की वीडियोग्राफी, मादक पदार्थों की पहचान हेतु टेस्टिंग किट के उपयोग, वाणिज्यिक मात्रा के मामलों में आर्थिक अनुसंधान तथा न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्याख्यान, परिचर्चा एवं संवाद आधारित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला न्यायालयभिंडके वरिष्ठ शासकीय अधिवक्ता जे.पी. दीक्षित (जीपी), सहायक शासकीय अधिवक्ता एवं एनडीपीएस विशेष अभियोजक मुकेश बिहारी दीक्षित (एजीपी) तथा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के.पी. यादव ने विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता करते हुए अधिकारियों को कानूनी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

एसडीओपी रविन्द्र वास्कले ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित किया तथा प्रभावी विवेचना से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

युवा कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

आलीराजपुर. जिले में रविवार को युवक कांग्रेस ने बेरोजगारी, नीट पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बढ़ती महंगाई के मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन का नेतृत्व युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी सीबी सिंह चौहान और जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत पटेल ने किया. बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता जिलेभर से शामिल हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक और भर्ती घोटालों ने युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है, जबकि बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है. उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग की थी, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे. इस दौरान पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया. प्रदर्शन के बाद युवक कांग्रेस ने सरकार से युवाओं को रोजगार देने और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग दोहराई.

8 गुमशुदा बच्चों को परिजनों से मिलाया

विशेष संवाददाता

भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुमशुदा और अपहृत बच्चों की तलाश तथा उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों तक पहुंचाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

पिछले एक सप्ताह के दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने देश के अलग-अलग राज्यों से आठ गुमशुदा नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया. तकनीकी दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता के समन्वय से संचालित इस अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने दूरस्थ राज्यों की यात्रा कर स्थानीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया तथा आधुनिक जांच तकनीकों का उपयोग कर बच्चों का पता लगाया. बालाघाट पुलिस ने तेलंगाना से दो नाबालिग बालिकाओं को खोज निकाला, जबकि शिवपुरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मोठ क्षेत्र से अपहृत बालिका को सुरक्षित बरामद किया. अनूपपुर पुलिस ने राजस्थान के जोधपुर से एक गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया. खंडवा पुलिस ने महाराष्ट्र के अकोला स्थित चाइल्डलाइन केंद्र से 14 वर्षीय मूक-बधिर बालक को खोजकर उसके परिवार से मिलाया.

गुमशुदा की सुरक्षित वापसी पूरे परिवार की उम्मीद

उज्जैन जीआरपी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गुजरात के सूरत से 17 वर्षीय बालक को बरामद किया. वहीं बड़वानी और टीकमगढ़ पुलिस ने क्रमशः गुजरात और दिल्ली से नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित खोज निकाला. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी गुमशुदा बच्चे की सुरक्षित वापसी केवल एक मामले का निराकरण नहीं, बल्कि पूरे परिवार की उम्मीद, विश्वास और खुशियों की पुनर्स्थापना है. पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी बच्चे के गुम होने अथवा संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने की सूचना तत्काल निकटतम थाने या डायल-112 पर दें.

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य के सारे पादों का नाश हो जाता है : रामदास जी महाराज

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 7 जून। डाक बंगला सरकार हनुमान जी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण की बाल लीला देख भक्त भाव-विह्वल हुए। कथा व्यास आचार्य सत्यम दुबे शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा श्रवण कराई, भक्ति रस में डूबे श्रोता श्याम प्यारी कुंज बिहारी... भजन पर झूमे श्रद्धालु, गूंजा पूरा पंडाल भजन पर झूमते श्रद्धालु मेहगांव के डाक बंगला सरकार पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला देख भक्त भाव विह्वल हुए। भक्तों की भीड़ उमड़ी, इससे

कथा पंडाल छोटा पड़ गया। श्रद्धालुओं की भीड़ और भक्ति से सराबोर वातावरण ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कथा वाचक आचार्य सत्यम दुबे शास्त्री जी महाराज ने कहा सत्संग से जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के भीतर भक्ति रूपी वृक्ष विकसित होता है और कीर्तन उसकी सिंचाई करता है महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामदास जी महाराज दंदरौआ धाम ने व्यासपीठ से श्रोताओं को भागवत का महात्म्य बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य के सारे पापों का नाश हो जाता है। रामदास महाराज से श्रोताओं को मेरे दंदरौआ सरकार अनोखी तेरी झांकी भजन भी सुनाया।

आलमपुर को दतिया में शामिल करने की मांग

भिंड. लहार तहसील के आलमपुर और उसके थाना क्षेत्र के सभी गांवों को भिंड जिले से अलग कर दतिया जिले में शामिल करने के लिए पूर्व जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी रहे लोगों ने भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को ज्ञापन सौंपा. यह ज्ञापन पूर्व राज्यमंत्री रमाशंकर चौधरी, सेवढ़ा के पूर्व विधायक रामदयाल प्रभाकर और सेवानिवृत्त कमिश्नर महेशचंद्र चौधरी ने आयोग के सचिव एस.एन. मिश्रा को सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि आलमपुर क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र का हिस्सा रहा है. पूर्व में यह बुंदेला शासन और बाद में होल्कर स्टेट की तहसील के रूप में स्थापित था.

ज्ञान गंगा महोत्सव का हुआ समापन, बृज की होली में झूमे श्रद्धालु

भिण्ड, 7 जून। अटेर क्षेत्र के ग्राम किशूपुरा स्थित निरपेक्ष सन्यास आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का रविवार को श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में समापन हो गया। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

कथा व्यास पंडित रामकृष्ण महाराज वृंदावन धाम ने अपने श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सदाचार एवं मानव जीवन के मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने

कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा भगवान के प्रति समर्पण भाव विकसित करती है। अपने प्रवचनों में पंडित रामकृष्ण ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग की अत्यधिक आवश्यकता है। भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारित करने का माध्यम है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भक्ति के महत्व का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने का संदेश दिया।

महोत्सव का आयोजन महिला सत्संग शिक्षा मंडल किशूपुरा की अध्यक्ष सुशील देवी के नेतृत्व में किया गया। कथा स्थल पर पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा के साथ भजन-कीर्तन में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

समापन अवसर पर खेली गई बृज की होली: कथा समापन के अवसर पर बृज की होली का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं युवतियों ने फूलों और गुलाल के साथ पारंपरिक होली उत्सव में भाग लिया तथा भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। रंग-बिरंगे गुलाल और भजनों की स्वर लहरियों के बीच पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।